खौफनाक: स्टाफ नर्स ननद ने 3 लाख की सुपारी देकर कराई गर्भवती भाभी की हत्या, पति-देवर भी साजिश में शामिल

देवरिया। जिले के रुद्रपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) परिसर स्थित सरकारी आवास में 24 अक्तूबर की रात पांच माह की गर्भवती गुड़िया देवी पत्नी चमन लाल की हुई हत्या की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। रिश्ते को तार-तार करने वाली इस वारदात की पटकथा किसी और ने नहीं बल्कि मृतका की सगी ननद और सीएचसी में तैनात स्टाफ नर्स पूर्णिमा ने लिखी थी। कम दहेज और घरेलू कलह के चलते ननद ने तीन लाख रुपये की सुपारी देकर भाड़े के हत्यारों से अपनी भाभी का कत्ल कराया था। इस खौफनाक साजिश में मृतका का पति, देवर और सास भी बराबर के भागीदार थे।मंगलवार तड़के पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान मुख्य शूटर रामआशीष यादव को पैर में गोली मारकर दबोच लिया। पुलिस ने स्टाफ नर्स समेत ससुराल पक्ष के सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इलाज कराने ननद के आवास पर आई थी गुड़िया गोरखपुर जिले के सहजनवां थाना क्षेत्र के चांदबारी गांव की रहने वाली पूर्णिमा रुद्रपुर सीएचसी में स्टाफ नर्स के पद पर तैनात है और अस्पताल परिसर स्थित सरकारी आवास में रहती है। उसकी भाभी गुड़िया देवी पांच माह की गर्भवती थी और चिकित्सकीय देखभाल व इलाज के लिए कुछ दिनों से पूर्णिमा के सरकारी आवास पर ही रह रही थी। गुड़िया की तीन साल की एक मासूम बेटी भी है, जिसके सिर से अब मां का साया छिन चुका है। दहेज प्रताड़ना और ननद का आर्थिक रुतबा मृतका की मां लीलावती देवी ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया था कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले कम दहेज को लेकर गुड़िया को बेरहमी से प्रताड़ित और मारपीट करते थे। सरकारी नौकरी में होने के कारण परिवार में पूर्णिमा की ही चलती थी और घर का पूरा खर्च उसी की कमाई से चलता था। गुड़िया ने कई बार फोन कर मायके वालों को अपनी जान के खतरे और ननद के जुल्मों की दास्तां बयां की थी। बिचौलिए के जरिए सुपारी किलर से संपर्क, 2.5 लाख दिए एडवांस पुलिस पूछताछ में परत-दर-परत साजिश का खुलासा हुआ। पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने बताया कि पूर्णिमा ने अपने परिचित सत्य प्रकाश यादव के जरिए सुपारी किलर रामआशीष यादव और नरेश से संपर्क साधा था। तीन लाख रुपये में गुड़िया को रास्ते से हटाने का सौदा तय हुआ। पूर्णिमा ने ढाई लाख रुपये एडवांस में शूटरों को सौंप दिए, जबकि शेष 50 हजार रुपये काम पूरा होने के बाद देने की बात तय हुई थी। 24 अक्तूबर की रात मौका पाकर दोनों शूटर सरकारी आवास में दाखिल हुए और रस्सी से बेरहमी से गला घोंटकर गुड़िया की हत्या कर दी। घटना को लूटपाट का रंग देने के लिए आरोपियों ने पूरे कमरे का सामान बिखेर दिया था, ताकि पुलिस का ध्यान भटक सके। पुलिस को देखकर चलाई गोली, जवाबी कार्रवाई में घायल शूटर मंगलवार सुबह मुखबिर की सटीक सूचना पर जब पुलिस टीम ने घेराबंदी की, तो मुख्य आरोपी रामआशीष यादव ने पुलिस पर जानलेवा फायरिंग कर दी। पुलिस की आत्मरक्षा में की गई जवाबी कार्रवाई में गोली रामआशीष के पैर में लगी और वह वहीं गिर पड़ा। पुलिस ने उसे तुरंत दबोच लिया और अस्पताल में भर्ती कराया।





❖ मुठभेड़ में मुख्य शूटर के पैर में लगी गोली, दबोचा गया ❖रुद्रपुर सीएचसी के सरकारी आवास में 24 अक्तूबर को रस्सी से गला घोंटकर की गई थी वारदात ❖कम दहेज और पारिवारिक रंजिश बनी कत्ल की वजह, ढाई लाख रुपये दिए थे एडवांस

साइबर ठगी के 5.40 लाख रुपये पीड़ित के खाते में वापस, 8.80 लाख की हुई थी ठगी

देवरिया। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए साइबर ठगी के शिकार व्यक्ति के खाते में 5.40 लाख रुपये वापस करा दिए। पीड़ित से कुल 8.80 लाख रुपये की साइबर ठगी हुई थी। जिले के सलेमपुर थाना क्षेत्र के इचौना पश्चिम निवासी विनायक जी विश्वकर्मा के साथ 22 अक्तूबर को साइबर फ्रॉड हुआ था। मामले में साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने ठगी की रकम को ट्रेस करने की कार्रवाई शुरू की। इसके बाद 5.40 लाख रुपये पीड़ित के खाते में वापस करा दिए गए। शेष रकम की बरामदगी के लिए पुलिस की कार्रवाई जारी है। रुपये वापस मिलने पर पीड़ित ने साइबर पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए पुलिस का आभार जताया। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि साइबर ठगी होने पर घबराएं नहीं और तत्काल 1930 पर शिकायत करें। साथ ही साइबर अपराध की शिकायत cybercrime.gov.in पर दर्ज कराएं। समय पर शिकायत मिलने से ठगी की रकम को होल्ड कराकर वापस कराने की संभावना बढ़ जाती है।



पति के दीर्घायु, दाम्पत्य सुख का पवित्र पर्व है करवा चौथ-आचार्य अजय

सलेमपुर (देवरिया)। करवा चौथ का व्रत सुहागिन महिलाओं के लिए आस्था, श्रद्धा और दांपत्य सुख का पर्व माना जाता है। इस दिन महिलाएं पति की दीर्घायु, अच्छे स्वास्थ्य और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना से निर्जला व्रत रखती हैं। आचार्य अजय शुक्ल के अनुसार करवा चौथ के व्रत की शुरुआत 29 अक्टूबर को चतुर्थी तिथि सुबह 01 बजकर 06 मिनट पर होगी तथा समापन रात्रि 10 बजकर 09 मिनट पर होगा। चंद्रोदय रात्रि 08 बजकर 15 मिनट से 08 बजकर 33 मिनट पर जगह के अनुसार होगा। व्रत रखने वाली महिलाएं प्रात: स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण करें और भगवान गणेश, माता पार्वती, भगवान शिव तथा करवा माता का स्मरण कर व्रत का संकल्प लें। परंपरा के अनुसार सूर्योदय से पहले सरगी ग्रहण करने के बाद व्रत शुरू किया जाता है। शाम को पूजा स्थल की साफ-सफाई कर चौकी पर लाल या पीला वस्त्र बिछाकर भगवान शिव, माता पार्वती और गणेश जी की प्रतिमा अथवा चित्र स्थापित किया जाता है। पूजा में रोली, अक्षत, पुष्प, धूप-दीप, फल, मिठाई, सुहाग सामग्री और जल से भरा करवा रखा जाता है। सबसे पहले भगवान गणेश का पूजन कर विघ्नों के निवारण की प्रार्थना करनी चाहिए। इसके बाद भगवान शिव, माता पार्वती और करवा माता का पूजन कर अखंड सौभाग्य एवं पति की दीर्घायु की कामना की जाती है। पूजा के बाद करवा चौथ की कथा का श्रवण किया जाता है फिर विधि विधान पूर्वक चलनी से पति के दर्शन किए जाने का विधान है।



धूमधाम से निकली प्रभु श्रीराम की बारात, जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत

देवरिया। श्री रामलीला समिति देवरिया के तत्वावधान में मंगलवार को प्रभु श्रीराम की भव्य बारात धूमधाम और गाजे-बाजे के साथ निकाली गई।रथ पर सवार प्रभु श्रीराम, भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न के स्वरूपों का दर्शन कर नगरवासी भावविभोर हो उठे। बारात में शामिल श्रद्धालुओं का समिति की ओर से साफा बांधकर अभिनंदन किया गया। इस दौरान सदर विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी भी बारात में शामिल हुए और समिति के पदाधिकारियों व श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन किया। दोपहर दो बजे रामलीला मैदान से शुरू हुई श्रीराम बारात नगर भ्रमण के लिए निकली। नगर पालिका रोड पर हिंदू सम्राट दल, अमन गेट पर जावेद अहमद ने पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। इसके अलावा स्टेशन रोड पर अशोक मद्धेशिया, मोतीलाल रोड पर जनपद व्यापार मंडल और कोतवाली चौराहे पर मारवाड़ी युवा मंच के सदस्यों ने आरती उतारकर प्रभु का वंदन किया। तिलक रोड पर बरनवाल सेवा समिति, बरनवाल युवा मंच व बरनवाल महिला सेवा समिति ने बारात का जोरदार स्वागत किया। वहीं अभियान %जिज्ञासा% व आईएमटी अकादमी के अध्यक्ष डॉ. रविकांत मणि त्रिपाठी के नेतृत्व में मालवीय रोड पर रोटरी क्लब तथा शैक्षिक पुष्पवर्षा कर मिष्ठान व जलपान का वितरण किया गया। विभिन्न मार्गों से होते हुए बारात देर शाम पुन: रामलीला मैदान पहुंची। धनुष यज्ञ और श्रीराम विवाह लीला का हुआ मंचन शाम छह बजे रामलीला मैदान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, गोरक्ष प्रांत के सह प्रांत प्रचारक सुरजीत जी ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर मंचन का शुभारंभ कराया। इसके बाद संस्कृत संगम सलेमपुर के कलाकारों द्वारा धनुष यज्ञ और प्रभु श्रीराम-माता जानकी के विवाह प्रसंग का सजीव मंचन प्रस्तुत किया गया, जिसे देख दर्शक जयकारे लगाने लगे। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष अरुण कुमार बरनवाल, निखिल कुमार सोनी, कमलेश मित्तल, सुभाष मद्धेशिया, श्याम मनोहर जायसवाल, डॉ. सौरभ श्रीवास्तव, राजेंद्र जायसवाल, राजकुमार सोनी, हीरालाल वर्मा, रवि प्रकाश मिश्रा, राहुल पोद्दार, नवनीत बरनवाल, कृष्ण मोहन गुप्ता, दिनेश बरनवाल, कंचन बरनवाल, दयाशंकर सिंह, उमाशंकर मद्धेशिया, अटल बरनवाल, कपिल सोनी, अमन अग्रवाल, विनय भगत, अखिलेश जायसवाल, डॉ. मनोज मद्धेशिया सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व श्रद्धालु उपस्थित रहे।






❖सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी बारात में हुए शामिल, लोगों को पहनाया गया साफा ❖रामलीला मैदान में धनुष यज्ञ और श्रीराम विवाह लीला का मनोहारी मंचन

सीएम डैशबोर्ड पर सी और डी रैंक वाले विभागों पर डीएम सख्त, सुधार के दिए निर्देश

देवरिया। सीएम डैशबोर्ड पर विभागों की खराब रैंकिंग को लेकर जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने अधिकारियों को सुधार के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यकक्ष में सीएम डैशबोर्ड (राजस्व) समेत विभिन्न विभागों की योजनाओं और विकास कार्यों की गूगल मीट के माध्यम से समीक्षा की गई। डीएम ने विभागवार रैंकिंग, निर्धारित लक्ष्य और योजनाओं की प्रगति की बिंदुवार जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सीएम डैशबोर्ड पर जिन योजनाओं और संकेतकों की प्रगति अपेक्षित नहीं है, उनमें विशेष प्रयास कर सुधार किया जाए। सी और डी श्रेणी वाले संकेतकों को प्राथमिकता के आधार पर सुधारते हुए रैंकिंग बेहतर करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि विभागीय आंकड़ों को पोर्टल पर समय से अपडेट किया जाए। उपलब्धियों की सही और अद्यतन जानकारी दर्ज करने में किसी तरह की लापरवाही न बरती जाए। शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए पात्र लाभार्थियों को समय से योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं और कार्यों की प्रगति धीमी है, उनके कारणों की समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के साथ विभागीय योजनाओं की नियमित निगरानी भी सुनिश्चित की जाए। बैठक में एडीएम वित्त एवं राजस्व पंकज प्रकाश राठौर, सभी एसडीएम और संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



पुलिस ने साईबर ठगी के 2219 रूपये पीड़ित के खाते में कराया वापस

पथरदेवा(देवरिया)।पुलिस अधीक्षक देवरिया अभिजित आर.शंकर के निर्देशन में साईबर अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे है अभियान के क्रम में थाना बघौचघाट की साईबर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए साईबर ठगी के शिकार पीड़ित की 2219 रूपये की धनराशि उसके खाते में वापस करायी गयी। घटना की जिक्र करते हुए थाना बघौचघाट के प्रभारी अनिल कुमार तिवारी ने बताया कि जैद सिद्दीकी,पुत्र सिराजुद्दीन निवासी ग्राम शेखसेमरी,थाना बघौचघाट ,जनपद-देवरिया द्वारा साईबर ठगी के सम्बन्ध में एन.सी.आर.पी.पोर्टल पर दिनांक 22-01-2026 को शिकायत दर्ज करायी गयी थी जिसपर थाना बघौचघाट साईबर टीम ने तत्काल रकम को होल्ड कराया और एम.आर.एम.पोर्टल के माध्यम से विधिक प्रक्रिया पूरा करते हुए 2219 रूपये की धनराशि पीड़ित के खाते में वापस करायी गयी। थानाध्यक्ष के अनुसार इस मामले में थाना प्रभारी बघौचघाट उप निरीक्षक दुर्गेश शुक्ला,कांस्टेबल अवधेश कुमार पटेल सभी थाना बघौचघाट के है।



गेहूं लदे ट्रक में लगी भीषण आग, 90प्रतिशत सरकारी अनाज सुरक्षित बचा

मेहदीगंज। रामकोला-पडरौना मार्ग स्थित मेहदीगंज चौराहे पर मंगलवार शाम करीब पांच बजे उचित दर दुकान (PDS) का सरकारी गेहूं लेकर जा रहे एक ट्रक (क्र 57 ञ्ज 0398) में अचानक भीषण आग लग गई। धुआं और लपटें उठती देख चालक वाहन रोककर सुरक्षित दूरी पर चला गया। स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत अदम्य साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए जान जोखिम में डालकर गेहूं की बोरियां उतारनी शुरू कर दीं, जिससे करीब 90 प्रतिशत सरकारी गेहूं सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यदि दमकल की गाड़ी सूचना के एक घंटे बाद आने के बजाय समय पर पहुंच गई होती, तो बचा हुआ 10 प्रतिशत सरकारी गेहूं भी पूरी तरह सुरक्षित बच जाता। वहीं मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस की कार्यशैली को लेकर भी लोगों में चर्चा रही। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, धधकते ट्रक के बिल्कुल करीब दर्जनों लोगों की भीड़ मौजूद थी, जिन्हें पुलिस ने सुरक्षित दूरी पर हटाने या घेराबंदी करने का प्रयास नहीं किया। लोगों का कहना था कि यदि आग की वजह से ट्रक की टंकी या टायर में कोई बड़ा धमाका होता, तो वहां मौजूद कई लोग गंभीर रूप से घायल हो सकते थे। सुरक्षा व्यवस्था के अभाव में मार्ग पर जाम लगा रहा और राहगीर जलते ट्रक के बगल से ही जोखिम उठाकर गुजरते रहे। काफी देर बाद पहुंचे दमकल कर्मियों द्वारा आग बुझाने के उपरांत ही मार्ग पर आवागमन पूरी तरह सामान्य हो सका।



दिल्ली की महारैली के लिए देवरिया कांग्रेस ने कसी कमर, सैकड़ों कार्यकर्ता करेंगे कूच

देवरिया। एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रस्तावित 'वोट बचाओ, देश बचाओ' महारैली की तैयारियों को लेकर जिला कांग्रेस कार्यालय पर बैठक हुई। जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' की अध्यक्षता में हुई बैठक में जिले से अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को दिल्ली ले जाने की रणनीति बनाई गई। मुख्य अतिथि एवं 'दिल्ली चलो' कार्यक्रम की जिला कोऑर्डिनेटर निर्मला पासवान ने कहा कि मताधिकार जनता की सबसे बड़ी ताकत है। वोट की निष्पक्षता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए कांग्रेस लगातार आवाज उठा रही है। उन्होंने कहा कि यह रैली संविधान की रक्षा की लड़ाई है।जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' ने कहा कि महारैली ऐतिहासिक होगी। देवरिया से सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता बस और ट्रेन से दिल्ली पहुंचेंगे। प्रत्येक ब्लॉक और न्याय पंचायत से कार्यकर्ताओं के शामिल होने की तैयारी है। बैठक में सुयश मणि त्रिपाठी, शहर अध्यक्ष मिर्जा खुर्शीद अहमद समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

झारखंड के मुरी स्टेशन पर मिला जन सुराज पार्टी के डिजिटल कम्युनिकेशन मैनेजर का शव

दुदही (कुशीनगर)। विशुनपुरा थाना क्षेत्र के गोड़रिया बाजार निवासी एवं बिहार की जन सुराज पार्टी के डिजिटल कम्युनिकेशन मैनेजर देव पालिक गुप्ता (21) का शव झारखंड के मुरी में मिलने से इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। युवा देव पालिक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों, मित्रों और शुभचिंतकों में मातम छा गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बाबूलाल गुप्ता के पुत्र देव पालिक गुप्ता 26 अक्टूबर को जनशताब्दी एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 12366) से रांची से पटना के लिए रवाना हुए थे। मुरी रेलवे स्टेशन पार करने के बाद उनका मोबाइल फोन स्विच ऑफ हो गया। काफी देर तक संपर्क नहीं होने पर परिजन परेशान हो उठे और उन्हें किसी अनहोनी की आशंका सताने लगी।इस बीच देव पालिक गुप्ता के बड़े भाई तारकेश्वर गुप्ता, जो पत्रकार होने के साथ-साथ व्यवसायी भी हैं, ने संबंधित थाना क्षेत्र के अधिकारियों से संपर्क कर अपने भाई के बारे में जानकारी जुटाने का प्रयास किया। अधिकारियों की ओर से आवश्यक सहयोग का आश्वासन दिया गया।इसी बीच मंगलवार दोपहर सूचना मिली कि झारखंड के मुरी जंगल क्षेत्र में मिले शव की पहचान देव पालिक गुप्ता के रूप में हुई है। इस खबर से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। हालांकि, उनकी मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसकी विस्तृत जानकारी सामने आना अभी बाकी है।देव पालिक गुप्ता के असामयिक निधन से गोड़रिया बाजार सहित आसपास के क्षेत्र में शोक का माहौल है। परिवार के सदस्यों, मित्रों, रिश्तेदारों और राजनीतिक सहयोगियों ने गहरा दुख व्यक्त किया। लोगों ने उनके बड़े भाई तारकेश्वर गुप्ता एवं शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए इस कठिन समय में धैर्य बनाए रखने की कामना की।



खो-खो जूनियर चैंपियनशिप के लिए देवरिया की टीम घोषित

देवरिया। उत्तर प्रदेश खो-खो जूनियर चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए देवरिया जनपद की बालक और बालिका टीम की घोषणा कर दी गई है। जिला स्टेडियम में हुए चयन ट्रायल के बाद खिलाड़ियों का चयन किया गया। जिला सचिव शिवानंद नायक ने बताया कि बालक वर्ग में अरविंद चौहान, नमन दीक्षित, मोहित, शिवम यादव, अंकित गुप्ता, प्रिंस सैनी, अंगद गुप्ता, सुमित मौर्य, सीतांशु विश्वकर्मा, अभय वर्मा और राकेश सैनी का चयन हुआ है।बालिका वर्ग में कीर्ति तिवारी, कीर्ति सैनी, श्वेता यादव, आंचल, रोशनी, वंशिका, प्रीति, मान्यता वर्मा, अनुष्का यादव, अनुष्का और जानवी पटेल टीम में शामिल हैं। चयन समिति में कोच शालिनी शर्मा, भास्कर कुशवाहा, सत्येंद्र कुमार और राष्ट्रीय खिलाड़ी मुकेश मौर्य रहे। टीम 29 अक्तूबर को ट्रेन से हरदोई के लिए रवाना होगी।

डा.एस जन सुब्बाराव को याद कर दी गई श्रद्धांजलि

सेवरही,कुशीनगर।सेवरही नगर में राष्ट्रीय युवा योजना के निदेशक गांधी वादी विचारक विश्व विख्यात महापुरुष डा0 एस एन सुब्बाराव के पांचवीं पूर्ण तिथि पर उन्हें याद कर दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि।उनके शिष्य प्रेमशंकर सिंह सूर्यवंशी ने कहा कि भाई सुब्बाराव जी अहिंसा और मानवीय मूल्यों के प्रतीक थे। उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन शांन्ति अहिंसा, सद्भभाव,और राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित कर दिया। चंबल के बीहड़ों में भटके बागियों को आत्म समर्पण के लिए प्रेरित करने से लेकर लाखो युवाओं में सेवा,श्रम,और सामाजिक परिवर्तन की चेतना जगाने तक,उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा।भाई जी छोटी छोटी कहानियों के माध्यम से जीवन की बड़ी सीख देते थे।वे सिखाते थे कि सच्चा ज्ञान विनम्रता पैदा करता है। ईर्ष्या मनुष्य को स्वयं कि नुकसान करने पर मजबूर कर देती है और दूसरों की उन्नति में ही समाज की वास्तविक प्रगति निहित है। आज उनके पूर्ण तिथि पर लिटिल फ्लावर चिल्ड्रेन स्कूल के निदेशक रणबीर प्रताप शाही, पडरौना संदेश के सम्पादक राजेश्वर द्विवेदी,उनके शिष्य गुरु शरण जायसवाल आदि लोगों ने अपनी भाव भीनी श्रद्धांजलि अर्पित किए एवं उनके विचारों को आत्मसात करने की बात कही।

बुद्ध पीजी कॉलेज में जीएसटी, आयकर एवं ई-फाइलिंग पर कार्यशाला आयोजित

भाटपार रानी देवरिया रतसिया कोठी स्थित बुद्ध पीजी कॉलेज के वाणिज्य विभाग के तत्वावधान में मंगलवार, 27 अक्टूबर 2026 को GST, Income Tax & E-Filing Practical Workshop 2026 का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विद्यार्थियों को जीएसटी पंजीकरण, आयकर गणना, आयकर रिटर्न दाखिल करने, ई-फाइलिंग तथा डिजिटल बैंकिंग से संबंधित व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ रोजगारपरक एवं व्यावसायिक कौशल से जोड़ना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लोकप्रिय चार्टर्ड अकाउंटेंट सीए अजय बरनवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक दौर में वाणिज्य के विद्यार्थियों के लिए अकाउंटिंग, टैक्सेशन और डिजिटल फाइलिंग का व्यावहारिक ज्ञान अत्यंत आवश्यक है। जीएसटी एवं आयकर से संबंधित प्रक्रियाओं की समझ विद्यार्थियों को भविष्य में रोजगार, स्वरोजगार तथा व्यावसायिक क्षेत्र में बेहतर अवसर प्रदान कर सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन के साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

भाजपा सरकार में महंगाई के साथ नौकरशाही बेलगाम-ब्रह्मा शंकर त्रिपाठी

पथरदेवा(देवरिया)।उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री ब्रह्मा शंकर त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई के साथ नौकरशाही बेलगाम है। श्री त्रिपाठी ने कहा कि महंगाई के चलते आम जनता का जनजीवन पूरी तरह प्रभावित है साथ ही बेरोजगारी बढ़ी है। पूर्व वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री ब्रह्मा शंकर त्रिपाठी तरकुलवा बाजार में भेंट के दौरान उपरोक्त बाते कही। उन्होंने कहा कि दस वर्षो से प्रदेश में भाजपा की सरकार है इस सरकार में महंगाई चरम सीमा पर है अनेक सामानों का मूल्य आसमान छू रहा है जिसके चलते सभी लोग महंगाई के कारण भाजपा सरकार से ऊब चुके है। श्री त्रिपाठी नौकरशाही पर बात करते हुए कहा कि आम जनता के जरूरत के लिए जो भी कार्यालय है वहां के तथाकथित नौकरशाही बेलगाम होकर गरीब जनता को लूटने का कार्य कर रहे है। दस वर्षो के भाजपा के प्रदेश सरकार में उत्तर प्रदेश का विकास रूका हुआ है यदि कही कुछ विकास भी हुआ है तो उसमें भ्रष्टाचार का आलम दिख रहा है। श्री त्रिपाठी सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के कार्यकाल की चर्चा करते हुए कहा कि जब भी प्रदेश में अखिलेश यादव की सरकार बनती है तो बेरोजगारों को रोजगार दी जाती है आत्म निर्भर होते है। उन्होंने कहा कि सपा सरकार किसानों के विकास के लिए माना गया है। श्री त्रिपाठी ने कहा कि सपा कार्यकर्ता सपा के नीतियों को जन-जन तक पहुंचाये और उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत के साथ अगली सरकार बनाये।

अमवा दिगर -भरतपट्टी के बीच ढाई सौ करोड़ से बनेगा पुल, जगी उम्मीद

दुदही (कुशीनगर)।कुशीनगर जिले के तमकुहीराज विधानसभा क्षेत्र के अमवा दिगर और बिहार के पश्चिम चंपारण जिले के भरतपट्टी के बीच नारायणी नदी पर करीब दो किलोमीटर लंबा पक्का पुल बनाने की योजना से क्षेत्र के लोगों में उम्मीद जग गयी है। प्रस्तावित पुल की लागत करीब 250 करोड़ रुपये बताई जा रही है। तमकुहीराज विधायक डॉ असीम कुमार की पहल से इस परियोजना को आगे बढ़ाने की उम्मीद है। पुल का निर्माण होने से दोनों राज्यों के सीमावर्ती गांवों के बीच आवागमन सुगम हो सकेगा।अमवा दीगर से भरतपट्टी के बीच पुल बनने से कुशीनगर और पश्चिम चंपारण के सीमावर्ती इलाकों के लोगों को बड़ी राहत मिलने की संभावना है। अभी नदी के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी होती है और कई बार लंबा रास्ता तय करना पड़ता है। पुल बनने से शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और कृषि संबंधी गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।स्थानीय जानकारी के अनुसार, वर्तमान में बिहार के जिला मुख्यालय तक पहुंचने के लिए करीब 140 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है।

प्रस्तावित पुल और संपर्क मार्ग बनने के बाद यह दूरी घटकर लगभग 60 किलोमीटर रह सकती है। इससे मरीजों को अस्पताल पहुंचाने, किसानों को अपनी उपज बाजार तक ले जाने और विद्यार्थियों के आवागमन में सहूलियत मिलने की उम्मीद है।बाढ़ के दिनों में भी मिलेगी राहतनदी के आसपास बसे गांवों के लोगों को बरसात के मौसम में आवागमन की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। पक्के पुल के निर्माण से सुरक्षित संपर्क मार्ग उपलब्ध कराने में मदद मिल सकती है। साथ ही क्षेत्र की कृषि भूमि, स्थानीय बाजारों और व्यापारिक गतिविधियों को भी लाभ मिलने की संभावना है।विधायक डॉ. असीम कुमार की पहल से परियोजना को आगे बढ़ाने की उम्मीद के बीच अब ग्रामीणों की निगाहें विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर), तकनीकी एवं वित्तीय स्वीकृति और निर्माण कार्य शुरू होने पर टिकी हैं। क्षेत्रवासियों ने जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभागों से मांग की है कि करीब 250 करोड़ रुपये की इस प्रस्तावित परियोजना को प्राथमिकता देकर आवश्यक औपचारिकताएं जल्द पूरी की जाएं, ताकि लंबे समय से बेहतर संपर्क मार्ग की प्रतीक्षा कर रहे सीमावर्ती गांवों को राहत मिल सके।